Title: Need to provide compensation to the people whose land has been acquired under 'Air to Ground' project in Hanumangarh district, Rajasthan- Laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर): अध्यक्ष महोदय, हनुमानगढ़ जिले की रावतसर तहसील के गांव मोटेर, घांघु, सीरासर की 47 हजार बीघा कृाि भूमि वायुसेना ने " एयर टु ग्राउण्ड " के लिए आरक्षित की थी । लेकिन आज तक इन तीनों गांवों के किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। इन गांवों में राज्य सरकार ने विकास के सारे कार्य पिछले 10 वर्ो से रोक रखे हैं। इन गांवों के हजारों काश्तकारों को इससे भारी परेशानी हो रही है। रक्षा मंत्रालय एवं राज्य सरकार द्वारा भूमि अवाप्ति की सारी कार्यवाही के बाद एस.डी.एम. ने मुआवजे के लिए अवार्ड जारी कर दिया है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन गांवों के किसानों को तत्काल मुआवजा स्वीकृत करे।